ACHIEVING NEW HEIGHTS

**Lords Chloro Alkali Limited**
A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-46865999, 41627937
Fax :+91-11-46865930
Web : www.lordschloro.com
E-mail : contact@lordschloro.com

**Date: 4th February, 2019**

**To,**
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500824**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the newspaper advertisements published in the English and Hindi newspaper regarding the intimation of the Board meeting.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Encl: a/a**

documents) & www.dgvc
download and online tender s
**Note:** Bidders are requested
updates till opening of the tend

**MUNICIPAL COR**
(M

**TENDE**

**Name of Work:** TENDER FOR
ERECTION, COMMISSIONING AN
MUNICIPAL SOLID WASTE T
MACHINERIES" FOR 150 TPD
HARSOOL (WITH OPERATION AN

Auragabad Municipal Corporatio
above said work. The deta
**www.mahatenders.gov.in.** The
from given website. The last date
07/03/2019 upto 5.00 pm

www.wbtenders.gov.in and www.wbsedcl.in

# LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

(**CIN** : L24117RJ1979PLC002099)
**Regd Office** : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office** : A-264, I[st] Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web**: www.lordschloro.com; **E-mail** : contact@lordschloro.com

## NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on **Monday, 11th February, 2019 at 5:30 P.M.** at its Corporate Office at A-264, I[st] Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024, inter-alia, for consideration, approval and publication of Un-audited Financial Results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2018.

The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
Sd/-
**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Place:** New Delhi
**Date** : 2nd February, 2019

**nt of Assam**
**k financed**
**As**
**Assa**
**ce Delivery Project (ACCSDP)**
**d Agricultural Services Society**
*y of the Govt. of Assam)*
Agriculture Complex, 22 (Assam, India);, email: spd.@arias.in, website: www.arias.in

**FOR BIDS (IFB)**
**PETITIVE BIDDING (ICB)**
ry: INDIA
he 2nd February, 2019;

***IFB No.*** *ARIASS/ACCSD*
***IBRD Loan No.*** *: 8754-I*
***Contract Title:*** *Setting-u* ... *Facilitations Centers (PFCs) in the seven districts of Assam*
*covered under the Sixth* ... *or providing services under the ARTPS Act, 2012.*
***Reference No.*** *(As per* ... *028-NC-RFB.*

The Government of Ass ... India, has received a loan from the International Bank for Reconstruction and Dev ... st of 'ACCSDP'. The State Project Director, ARIAS Society, invites Bids from repute ... ed non-consulting contractual assignment under the project. Hard copy of the Biddin ... in the manner specified in the website of ARIAS Society or the Bidding document ... the website of ARIAS Society viz. www.arias.in.

1. Last date and ... **March,2019 (14.00 hrs-IST)**
2. Date and time ... **019 (14.15 hrs-IST)**

Sd/-
**State Project Director, ARIAS Society &**
**Secretary to the Govt. of Assam**

NS, 2015

**ONTH ENDED ON 31ST DECEMBER,2018**

(₹ crore except per share data)

| ded 017 | Year to date ended 31st December, 2018 | Year to date ended 31st December, 2017 | Year ended 31st March, 2018 |
|---|---|---|---|
| d | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 56 | 29,213.19 | 19,242.56 | 27,841.32 |
| 6) | 368.37 | (1,382.42) | (1,276.69) |
| 6) | 623.83 | (1,532.14) | (1,864.05) |
| 3) | 301.82 | (1,190.83) | (1,615.50) |
| 7) | 4,414.59 | (1,077.77) | (1,671.69) |
| 64 | 96.79 | 91.64 | 96.79 |
| | | | 30,287.82 |
| 1) | 5.17 | (12.03) | (15.38) |
| 1) | 4.93 | (12.03) | (15.38) |

31st December, 2018, filed with the Stock Exchanges under
the Un-Audited Financial Results for the quarter/nine month
w.nseindia.com) as well as on the Company's Website at

nents ) Regulation 2015, the reported revenue for the period
, 2017 and as per Ind AS-115 (previous periods Ind AS-18),
nber, 2018 is not strictly comparable with corresponding nine

Company's statutory auditors. These have been reviewed by
, 2019.

**E BASIS**

| ded r, | Year to date ended 31st December, 2018 | Year to date ended 31st December, 2017 | Year ended 31st March, 2018 |
|---|---|---|---|
| 12 | 20,313.61 | 11,771.43 | 17,523.04 |
| 6) | 1,199.51 | (841.60) | (671.78) |
| 4) | 891.55 | (506.69) | (361.61) |

**By Order of the Board**

**NAVEEN JINDAL**
**CHAIRMAN**

## सार समाचार

### 'येलो वेस्ट प्रदर्शन में 58,600 लोगों ने लिया हिस्सा

**पेरिस, स्पूतनिक।** फ्रांस में ईंधन के करों में वृद्धि एवं महंगाई के खिलाफ 'येलो वेस्ट प्रदर्शन में शनिवार को लगभग 58,600 लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय मीडिया ने आंतरिक मंत्रालय के हवाले से यह सूची जारी की है। रेडियो प्रसारण सेवा फ्रांस इंफो ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गत शनिवार को लगभग 69,000 प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे, जिसमें से चार हजार लोगों ने राजधानी पेरिस में आयोजित रैली में हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि फ्रांस में सरकार के खिलाफ गत बारह सप्ताह से प्रदर्शन हो रहे हैं। नंबर मध्य में ईंधन के करों में वृद्धि की योजना के विरोध में शुरू हुई प्रदर्शन ने जल्द ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आर्थिक नीतियों और महंगाई के खिलाफ व्यापक आन्दोलन का रूप ले लिया। विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों तथा सुरक्षाकर्मियों के बीच हिंसक झड़पें भी हुई हैं।

### श्रीलंका में 73 भारतीय गिरफ्तार

**कोलंबो, भाषा।** श्रीलंकाई अधिकारियों ने वीजा शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में इस साल 73 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। आव्रजन एवं प्रवासी विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यहां से करीब 60 किलोमीटर दूर माटुगामा में एक फैक्ट्री से कुल 49 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि वे वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी रह रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने इंगिरिया में एक फैक्ट्री में काम करने वाले 24 भारतीयों को वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।


### वाहन जलाने के मामले में पांच गिरफ्तार

**काठमांडू, भाषा।** सरकारी वाहनों के दुरूपयोग के खिलाफ विपक्षी नेपाली कांग्रेस की छात्र इकाई के प्रदर्शन के दौरान एक सरकारी वाहन को जलाने के आरोप में पांच छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया गया है।

विश्व समाचार / कूटनीति

# पाक का भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई इरादा नहीं

**लाहौर ■ भाषा**



पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि उनके देश का भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई इरादा नहीं है और नयी दिल्ली को कश्मीरी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक से टेलीफोन पर उनकी बातचीत को मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के उच्चायुक्त सोहेल महमूद को तलब किया था और उन्हें स्पष्ट रूप से बताया था कि कुरैशी द्वारा फोन पर की गई बातचीत भारत की एकता को तोड़ने का ''शर्मनाक प्रयास'' है और यह उसकी संप्रभुत्ता तथा क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करता है।

विदेश सचिव विजय गोखले ने महमूद को ''आगाह'' किया कि ऐसे व्यवहार के ''प्रभाव'' होंगे। डॉन अखबार के मुताबिक, मुल्तान में शनिवार को मीडिया से बातचीत में कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान का भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का कोई इरादा नहीं है लेकिन नयी दिल्ली को अपनी दिक्कतों के लिए इस्लामाबाद को जिम्मेदार ठहराना बंद करना चाहिए।

उन्होंने यह माना कि उन्होंने हुर्रियत नेता मीरवाइज से बात की और कहा कि भारत को इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने कुरैशी के हवाले से कहा, ''हम बातचीत के जरिए कश्मीर विवाद हल करना चाहते हैं लेकिन भारत अनावश्यक हंगामा कर रहा है।''

उन्होंने कहा, ''भारत में मुद्दे उभर रहे हैं लेकिन पाकिस्तान की उसमें कोई भूमिका नहीं है।'' कुरैशी ने कहा कि वह इस सप्ताह लंदन में हाउस ऑफ कॉमन्स में एक कार्यक्रम में कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान के विचार रखेंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में चुनाव अंदरुनी मामला है और अगर नई सरकार पाकिस्तान के साथ काम करना चाहेगी तो वह उसके साथ बात करने की कोशिश करेगा। भारत ने पाकिस्तान को साफ शब्दों में कह दिया है कि वार्ता और आतंकवाद साथ साथ नहीं चल सकते। कुरैशी ने दावा किया कि मौजूदा सरकार की सफल कूटनीति के कारण कई देशों के साथ पाकिस्तान के रिश्ते सुधरे हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी के शहजादे इस महीने पाकिस्तान की यात्रा पर आएंगे। उन्होंने कहा, ''उनकी यात्रा के दौरान नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।''

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा था कि कुरैशी ने हुर्रियत नेता से बात की और उनसे कश्मीर मुद्दे को उठाने के पाकिस्तान के प्रयासों पर चर्चा की। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि समस्त जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा रहेगा तथा पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर से संबंधित किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। यह बात पाकिस्तान के उच्चायुक्त को स्पष्ट कर दी गई है। नयी दिल्ली में सरकार के सूत्रों के अनुसार, भारत मंगलवार को दिए पाकिस्तान के बयान पर नाराज है जिसमें कश्मीर मुद्दे पर केंद्रित बातचीत की जानकारियां साझा की गई।

सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी नेताओं ने पहले भी कश्मीर में अलगाववादियों से टेलीफोन पर बात की है लेकिन हाल के वर्षों में यह शायद पहली बार है कि इस्लामाबाद ने चर्चा की बातों के बारे में एक बयान जारी किया जिसके बारे में भारत को लगता है कि यह साफ तौर पर सीमा लांघने का मामला है।

# ऑस्ट्रेलिया में सदी की सबसे भयानक बाढ़

**सिडनी ■ एएफपी**

ऑस्ट्रेलिया में सदी की सबसे भयानक बाढ़ के कारण नदियों का पानी सड़कों पर आ गया और जिससे उत्तरपूर्वी हिस्से में हजारों लोगों को अपने घरों से विस्थापित होना पड़ा। अधिकारियों ने अगले कुछ दिनों में और बारिश का अनुमान जताया है। ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी हिस्से में मानसून के समय भारी बारिश होती है लेकिन हाल ही में हुई वर्षा सामान्य स्तर से अधिक है। उत्तरपूर्वी क्वींसलैंड के टाउंसविले शहर में हजारों निवासी बिना बिजली के रह रहे हैं और अगर बारिश जारी रही तो 20,000 से अधिक मकानों के जलमग्न होने का खतरा है। सैन्य कर्मी प्रभावित लोगों की मदद के लिए मिट्टी से भरे हजारों थैले दे रहे हैं। क्वींसलैंड की प्रमुख ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, ''यह मूल रूप से 20 साल में एक बार नहीं बल्कि 100 साल में एक बार होने वाली घटना है।''

मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बताया कि उत्तरी क्वींसलैंड राज्य के ऊपर धीमी गति से आगे बढ़ रहा मानसून का कम दबाव का क्षेत्र बन गया है जिससे कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका है जितनी एक साल में नहीं हुई।

## द. कैलिफोर्निया में शक्तिशाली तूफान

**लॉस एंजिलिस, एपी।** कैलिफोर्निया में शनिवार को एक बार फिर शक्तिशाली तूफान आया, जिससे प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए हैं। दक्षिणी कैलिफोर्निया में आकस्मिक बाढ़ आने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि तूफान से निचले क्षेत्रों में चार इंच से ज्यादा बारिश हुई है और पहाड़ी क्षेत्रों में कई फुट तक बर्फबारी हुई हैं यहां सड़कें अवरुद्ध हो गईं हैं। सांता बारबरा काउंटी में 128 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं। उन क्षेत्रों में तूफान की वजह से कई पेड़ उखड़ गये हैं और बिजली के खंभे भी नीचे गिर गये हैं।

## राशिद ने शाहबाज को लेकर इमरान पर साधा निशाना

**लाहौर ■ वार्ता**

पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख राशिद ने कहा है पाकिस्तान मुस्लिम लीग( नवाज) नेता शाहबाज शरीफ को लोक लेखा समिति का अध्यक्ष बनाकर प्रधानमंत्री इमरान खान ने बहुत बड़ी गलती की है और उन्हें इस बात को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी पार्टी और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच क्या कोई समझौता हुआ है।

रेलवे मुख्यालय पर शनिवार को संवाददाताओं सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री राशिद ने कहा " मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस बात का बुरा नहीं मानेंगे लेकिन दोनों पार्टियों से आ रही बातों से पता चलता है कि वे सरकार के साथ कोई समझौता करने के लिए धनराशि दे रहे हैं। यदि यह सच है, तो प्रधानमंत्री को इसके लिए देश को विश्वास में लेना चाहिए।"


श्री राशिद ने कहा कि पीएसी अध्यक्ष शाहबाज शरीफ को बडा सुरक्षा घेरा दिया जाना भी सवालिया है। उन्होंने कहा, ''मैं सेना प्रमुख से मांग करता हूँ कि वह तत्काल इस आदेश को वापस ले। यदि ऐसा नहीं होता तो हमें भी इसी तरह की सुरक्षा मुहैया कराई जाये।" उन्होंने कहा कि श्री शाहबाज के खिलाफ राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो में 23 मामले लंबित है। सरकार से इस कदम से देश में गलत संदेश जायेगा।

## राजपक्षे कर सकते हैं राजनीतिक गठबंधन की अगुवाई

**कोलंबो, भाषा।** श्रीलंका में विपक्ष के नेता महिंदा राजपक्षे ने प्रस्तावित राजनीतिक गठबंधन की अगुवाई करने के संकेत दिए हैं। यह गठबंधन संयुक्त विपक्ष के तौर पर काम करेगा तथा देश में होने वाले सभी चुनाव लड़ेगा। राजपक्षे की नई राजनीतिक पार्टी श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) की अगुवाई वाले विपक्ष ने घोषणा की है कि वह अभी तक का सबसे बड़ा राजनीतिक गठबंधन करेगा। उसने देश में नए चुनाव कराने की भी मांग कती है। राजपक्षे ने कैंडी शहर में संवाददाताओं से कहा, '' मेरा नए गठबंधन का नेता होना जरूरी है।'' देश के छह प्रांतीय परिषदों में लंबे समय से चुनाव नहीं हुए हैं और इनके अगले दो-तीन महीनों के होने की संभावना है। राजपक्षे का गुट इस प्रस्तावित बठबंधन के तहत इन चुनावों को जीतने की फिराक में है।

## बाल मजदूरी से मुक्त कराए बच्चों के लिए पुनर्वास बेहतर हुआ

**दुबई ■ भाषा**



नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने यहां कहा कि बाल मजदूरी या दासता से मुक्त कराए बच्चों के आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक पुनर्वास के लिए भारत की नीति बहुत मजबूत है।

साल 2014 में शांति का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले सत्यार्थी ने संयुक्त अरब अमीरात में कहा कि बच्चों के पुनर्वास के प्रावधान ब्राजील, चिली, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में बेहतर हुए हैं।

सत्यार्थी ने शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा, ''जाहिर है कि हम भ्रष्टाचार, उदासीनता और देरी के मुद्दों से निपट रहे हैं।''

बाल अधिकारों के लिए काम करने वाले 65 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा, ''अब भारत में हमारे पास बाल मजदूरी या दासता से मुक्त कराए बच्चों के आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक पुनर्वास के लिए बहुत मजबूत पुनर्वास प्रावधान हैं।'' सत्यार्थी ने कहा कि एक बार बच्चे मुक्त हो जाते हैं तो वे कानूनी तौर पर पुनर्वास के लाभों के अधिकारी हो जाते हैं। उनके संगठन चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के काम पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'द प्राइस ऑर फ्री' की स्क्रीनिंग संयुक्त अरब अमीरात में की जाएगी। सत्यार्थी बच्चों पर इंडियन बिजनेस प्रोफेशनल काउंसिल के एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

कारपोरेट हलचल / कंपनियां / बैंक

# जीएसटी संग्रह में 18 वृद्धि का लक्ष्य

**नई दिल्ली ■ भाषा**




सरकार ने 2019-20 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 18 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। राजस्व सचिव अजय भूषण पांडे ने कहा है कि जनवरी, 2019 तक के तीन माहों के दौरान जीएसटी संग्रह बढ़ा है और इसी के मद्देनजर अगले वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में अधिक वृद्धि का लक्ष्य रखा गया हैं केंद्र सरकार ने अगले वित्त वर्ष में 7.61 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह का लक्ष्य रखा है।

चालू वित्त वर्ष के लिए जीएसटी संग्रह का संशोधित अनुमान 6.43 लाख करोड़ रुपये है। इस तरह अगले वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में 18 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष 2018-19 के संशोधित अनुमान के अनुसार जीएसटी संग्रह 7.43 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से एक लाख करोड़ रुपये कम रहेगा। पांडे ने पीटीआई भाषा से कहा, ''पिछले वित्त वर्ष में हमारा औसत संग्रह 89,000 करोड़ रुपये रहा था। इस वित्त वर्ष में औसत संग्रह 97,000 करोड़ रुपये है। इस तरह से राजस्व बढ़ रहा है। यदि नवंबर, दिसंबर, जनवरी 2017-18 के आंकड़ो की 2018-19 के आंकड़ों से तुलना की जाए तो 14 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई देती है। इसी आकलन के आधार पर हमने अगले वित्त वर्ष के लिए जीएसटी संग्रह के अनुमान को बढ़ाया है।'' उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल के दौरान दरों और प्रक्रियाओं को तर्कसगत बनाने के कई उपाय किए गए हैं। ''हमने प्रणाली को सरल बनाने का प्रयास किया है। इससे अनुपालन का बोझ भी कम हुआ है। दरों को तर्कसंगत बनाया गया है इसके बावजूद राजस्व बढ़ रहा है।'' पांडे ने कहा कि हमने जीएसटी में जो बदलाव किए हैं उनके प्रभाव से प्रणाली मजबूत होगी। इससे राजस्व बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी प्रणाली को इस सोच के साथ शुरू किया गया है कि इससे अनुपालन को प्रोत्साहन मिलेगा। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को शुरू किया गया था।

## कपड़ा क्षेत्र के लिए बजट आवंटन में कमी

**नई दिल्ली, भाषा।** वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने वर्ष 2019-20 के अंतरिम बजट में कपड़ा मंत्रालय के लिए आवंटन को 16.01 प्रतिशत घटाकर 5,831.48 करोड़ रुपये कर दिया। संसद में शुक्रवार को पेश बजट दस्तावेज में वर्ष 2018-19 के लिए कपड़ा मंत्रालय के संशोधित व्यय को घटाकर 6,943.26 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इससे पहले बजट के मूल प्रस्ताव में कपड़ा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के लिए 7,147.73 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। कनफेडरेशन आफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री के चेयरमैन संजय जैन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि एटीयूएफ और आरओएसएल योजनाओं के लिए कम आवंटन चिंता की बात है क्योंकि यह योजनाओं के लिहाज से काफी नहीं है। उन्होंने कहा, "हालांकि यह अंतरिम बजट है। इसलिए हमें उम्मीद है कि इन योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित किया जाएगा।"

## बिजनेस सुर्खियां

### विदेशी मुद्रा भंडार में डेढ़ अरब डॉलर की बढ़त

**मुंबई, वार्ता।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जनवरी को समाप्त सप्ताह में डेढ़ अरब डॉलर की बड़ी बढ़त के साथ 398.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 18 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चार सप्ताह की तेजी खोता हुआ 67.10 करोड़ डॉलर घटकर 396.68 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, 25 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.42 अरब डॉलर की तेजी के साथ 372.14 अरब डॉलर रहा। इस दौरान स्वर्ण भंडार 7.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 21.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि हालांकि 12 लाख डॉलर घटकर 2.64 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 70 हजार डॉलर घटकर 1.46 अरब डॉलर पर आ गया।

### आयकर आकलन में किसी अधिकारी के पास जाने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, भाषा।** आयकर आकलन के सिलसिले में अगले दो साल में करदाताओं को किसी अधिकारी का आमना-सामना नहीं करना होगा। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन सुशील चंद्रा ने पीटीआई भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि सरकार प्रक्रियाओं को सुगम बनाने का प्रयास कर रही है। सरकार की इसी पहल के तहत आयकर दाताओं को पहले से भरे रिटर्न फॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे। चंद्रा ने बजट बाद साक्षात्कार में कहा करदाताओं को 'नामरहित और चेहरारहित' सेवाओं की आपूर्ति के लिए विभाग ने पिछले साल करीब 2.06 लाख आयकर आकलन के मामले आनलाइन निपटाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल में आयकर विभाग को केंद्रीयकृत प्रसंस्करण केंद्र 2.0 को मंजूरी दी है।

## सेंसेक्स समीक्षा

# आर्थिक आंकड़ों से तय होगा शेयर बाजार का रुख

**मुंबई ■ वार्ता**



बीते सप्ताह तेजी में रहने वाले घरेलू शेयर बाजार का रुख आगामी सप्ताह आर्थिक आंकड़ों, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक की घोषणा, कंपनियों के तिमाही परिणाम, रुपये की स्थिति और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल के उतार-चढ़ाव से तय होगा।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 443.89 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36,469.43 अके पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 113.10 अंक यानी 1.05 प्रति की साप्ताहिक तेजी के साथ 10,893.65 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी और मंझोली कंपनियों पर बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 40.44 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 14,641.38 अंक पर और स्मॉलकैप 49.75 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13,950.45 अंक पर आ गया।

अगले सप्ताह शेयर बाजार पर आरबीआई की बैठक का असर रहेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के फैसले की घोषणा सात फरवरी को होनी है। आरबीआई के नवनियुक्त गवर्नर शक्तिकांता दास की अगुवाई में यह पहली बैठक है। इसके साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम और मंगलवार को जारी होने वाले सेवा क्षेत्र के आंकड़े भी निवेश धारणा को प्रभावित करेंगे। निवेशकों की नजर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों तथा डॉलर की तुलना में रुपये की स्थिति पर भी रहेगी।

अगले सप्ताह चार फरवरी को कोल इंडिया, आईडीबीआई बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक, पांच फरवरी को टेक महिंद्रा, गेल, एचपीसीएल, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और पंजाब नेशनल बैंक, छह फरवरी को ल्यूपिन, सिप्ला, इलाहाबाद बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और अदानी पोटर्स , सात फरवरी को टाटा मोटर्स, ब्रिटानिया, अडानी इंटरप्राइजेज और कैडिला हेल्थकेयर तथा आठ फरवरी को एनएचपीसी तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा के तिमाही परिणाम जारी होने हैं।

## सोने ने लगायी 810 रुपये की छलांग, चांदी चमकी

**नई दिल्ली, वार्ता।** सामान्य वैवाहिक जेवराती मांग रहने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही जबरदस्त तेजी के दम पर बीते सप्ताह दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 810 रुपये की साप्ताहिक बढ़त के साथ 34,110 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान सिक्का निर्माताओं के उठाव में आयी तेजी और औद्योगिक मांग निकलने से चाँदी भी 1,610 रुपये की तेज छलांग लगाकर 41,660 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी। लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, गत सप्ताह लंदन का सोना हाजिर 14.35 डॉलर की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को सप्ताहांत पर 1,317.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

## पी.वी.भारती बनीं कॉरपोरेशन बैंक की सीईओ

**मंगलुरू, भाषा।** केनरा बैंक की कार्यकारी निदेशक पी.वी.भारती ने कॉरपोरेशन बैंक की प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण कर लिया है। एक बयान में यह जानकारी दी गयी है। यहां जारी बयान में कहा गया कि वह बैंक में यह पद संभालने वाली पहली महिला है। भारती 15 सितंबर 2016 से केनरा बैंक की कार्यकारी निदेशक पद पर कार्यरत थीं। उनके पास बैंकिंग क्षेत्र में काम करने का 37 साल से अधिक का अनुभव है। उनके पास राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तथा तमिलनाडु में विभिन्न शाखाओं में काम करने का अनुभव है। उनके पास ग्रामीण, अर्द्धशहरी, शहरी और मेट्रो शाखाओं के साथ ही प्रशासनिक कार्यालयों में भी काम करने का अनुभव है।

## यूआईडीएआई का बजट आवंटन 8.7 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, भाषा।** सरकार ने भारत विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के लिए 2019-20 के लिए 1,227 करोड़ रुपये का बजट आवंटित है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष के 1,345 करोड़ रुपये के बजट से 8.7 प्रतिशत कम है। चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान के अनुसार यूआईडीएआई का बजट आवंटन 1,345 करोड़ रुपये है, जबकि मूल आवंटन 1,375 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2019-20 के अंतरिम बजट में यूआईडीएआई के लिए आवंटन घटाकर 1,227 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय, अधीक्षण भू-वैज्ञानिक, भीलवाड़ा वृत्त, भीलवाड़ा**
खान एवं भूविज्ञान विभाग, खनिज भवन, पन्नाधाय सर्किल के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
ई-मेल : supgeo.bhilwara@rajasthan.gov.in

क्रमांक - अभूवै/भील./निविदा/प.157/2018-19/133 दिनांक 29/1/19

**CORRIGENDUM-I**

इस कार्यालय की खुली निविदा आमंत्रण सूचना क्रं.सं. अभूवै/भील./निविदा/प. 157/2018-19/002/06-13 दिनांक 03.01.19 में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

1. मोहरबंद निविदाएं अब दिनांक 23.01.19 को प्रातः 11 बजे तक के स्थान पर दिनांक 05.02.19 को प्रातः 11 बजे तक प्राप्त की जावेगी।
2. प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष उसी दिन अर्थात् दिनांक 05.02.19 को अपरान्ह तीन बजे अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कक्ष में खोला जावेगा।

UBN MIN 1819SSOB00027

(डॉ. आशुतोष भारद्वाज)
अधीक्षण भू-वैज्ञानिक
भीलवाड़ा

DIPR/C/ 1269/2019

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(सीआईएन : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)
**पंजी. कार्यालय :** एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय :** ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
**फोन :** +91-11-46865999, 41627937, **फैक्स :** +91-11-46865930
**वेबसाइट :** www.lordschloro.com; **ई-मेल :** contact@lordschloro.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **सोमवार, 11 फरवरी, 2019 को अप. 5:30 बजे** इसके कार्पोरेट कार्यालय ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
दीपेन्द्र चौधरी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 2 फरवरी, 2019

**मयूर लेदर प्रोडक्ट्स लिमिटेड**
**कारखाना एवं पंजीकृत कार्यालय :** जी-60 से 62 तथा जी-67 से 69, जैतपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जैतपुरा, जयपुर-303704 (राजस्थान)
**फोन :** +91 1423 224353, 224303, 512303 **फैक्स :** +91 1423 224308
**ई-मेल :** mlp@mayurleather.com **वेबसाइट :** www.mayurgroups.com
**सीआईएन : L19129RJ1987PLC003889**

**सूचना**

एतदद्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व तथा प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती हैं कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक ब्रहस्पतिवार, 14 फरवरी, 2019 को दोपहर 04 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय जी-60 से 62 तथा जी-67 से 69, जैतपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जैतपुरा, जयपुर-303704 (राजस्थान) मे आयोजित की जाएगी, जिसमें 31.12.2018 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा

इस सूचना में दी जानकारी कंपनी की बेबसाईट अर्थात् www.mayurgroups.com तथा बीएसई लि. की बेबसाईट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते मयूर लेदर प्रोडक्ट्स लिमिटेड
हस्ता./-
(अमिता पोद्दार)
चेयरपर्सन एवं डायरेक्टर
डीआईएन : 00143486

स्थान : जयपुर
तिथि : 02.02.2019

जी 60-62, जी-67-69, जैतपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-303704 (राजस्थान)